## सार-समाचार

### जोधपुर में जश्ने गरीब नवाज मनाया

**जोधपुर**, (कासं)। एकता कमेटी राजस्थान की तरफ से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जश्ने गरीब नवाज कार्यक्रम बड़े ही अदब-ओ-एहतराम और शान-ओ-शौकत के साथ हज हाउस, जोधपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नमाज़-ए-जुम्मा के बाद कुरआन-ए-पाक की तिलावत से हुई। कार्यक्रम की सदारत पीर सैयद मोईन अशरफ जिलानी, सदर दारुल उलूम फैयाजिया, नागोरी गेट जोधपुर ने की। कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल लतीफ ने बताया कि जश्ने गरीब नवाज का उद्देश्य समाज में भाईचारा, शिक्षा और सामाजिक सरोकारों को मजबूती देना है। जश्ने गरीब नवाज कार्यक्रम में इस वर्ष का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड वरिष्ठ पत्रकार शेरुद्दीन खान को प्रदान किया गया। वर्तमान में शेरुद्दीन खान पाली जिले में दूरदर्शन समाचार में रिपोर्टर के पद पर कार्यरत हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में दशकों से की जा रही उनकी निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितैषी सेवाओं को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें इस सम्मान से नवाज़ा गया। कार्यक्रम में शौकत नदीम अंदाज़ कव्वाल पार्टी ने ख्वाजा गरीब नवाज की शान में बेहतरीन कलाम पेश किए। कार्यक्रम में उस्ताद हाजी हमीम बक्ष, फिरोज खान फेम राजू, पत्रकार गुलाम मोहम्मद ,नावेदमोदी ,आशीक हुसैन, मोहम्मद आमीन,जानुद्दीन खान, मोहम्मद अय्यूब, इश्तियाक अली, इंसाफ अली, भाई जान अजीज पठान, मोहम्मद हुसैन, मुंशी जी, अमजद बक्ष, राजू, मोहम्मद अकरम, यूसुफ राजा खान, अलादीन जी मेव, राजू भाटी साहब, फिरोज खान फेम अतीक, सिद्दीकी आशिक खान, अब्दुल लतीफ, मोहम्मद चांद, जावेद हुसैन, सलमान अली, शाहबाज अली, सोहेल खान, समीर खान, मरान खान, सैफ अली खान, कलीम खान, सलीम खान, बबलू भाई सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर अमन-ओ-चैन, भाईचारे और देश की तरक्की की दुआ की गई।

### घर-घर हिंदू सम्मेलन का संदेश दिया

**पोकरण**, (कासं)। शहर में रामप्रोल व सूरजप्रोल बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन के प्रचार अभियान ने गति पकड ली है। अभियान के तहत कार्यकर्ता मोहल्ला-मोहल्ला और घर-घर जाकर लोगों को सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं। घर-घर संपर्क अभियान के दौरान भगवा ध्वज, प्रचार पर्चे, तुलसी कलश एवं प्रभात फेरी के माध्यम से पंच परिवर्तन-भाषा, भूषा, भजन, भोजन और भवन को स्वदेशी बनाने-का संदेश दिया जा रहा है। साथ ही मंदिरों एवं घरों पर भगवा पताका लगाकर सम्मेलन का प्रचार किया गया। कार्यकर्ताओं ने भेदभाव छोडिए, सबको अपना मानिए-मजबूत हिंदू समाज ही राष्ट्र की ताकत है, का आव्हान करते हुए नागरिकों से परिवार सहित सम्मेलन में भाग लेने की अपील की। आयोजकों के अनुसार अभियान संगठन को स्वभाव बनाने की सोच पर आधारित है और उद्देश्य हिंदू समाज में जागृति, एकता व सामाजिक समरसता को मजबूत करना है। श्रम बावडी, सेवगो की गली, खत्रियों की गली, गुराणियों की गली, दर्जियों की गली, चौधरियों की गली में संपर्क किया गया। इस अवसर पर अनिल व्यास, अमृत खत्री, शांति पुरोहित, प्रभात शर्मा, जीतू दाधीच, स्वरूप दैया, गोविंद राङ्गी, राहुल जोशी, विनोद पुरोहित, रूपेंद्र खत्री, रतन छीपा, नारायण ,ओम पालीवाल, मोहित व्यास आदि उपस्थित रहे।

### मतदाता शपथ-पोस्टर निर्माण गतिविधि

**जालोर**,(कासं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शुक्रवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 के उपलक्ष्य में वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में मतदाता शपथ व पोस्टर निर्माण गतिविधि का आयोजन किया गया। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में विद्यार्थियों में मतदाता जागरूकता का प्रसार करना एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से "माय इंडिया, माय वोट" के तहत पोस्टर निर्माण गतिविधि आयोजित करने के साथ ही विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने "कोई भी मतदाता छूटे नहीं" के संदेश के साथ मतदान की शपथ ली। जिला स्तर पर 'मेरा भारत, मेरा वोट' की थीम व एवं टैग लाईन सिटीजन एट दी हार्ट ऑफ इण्डियन डेमोक्रसी पर 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का समारोहपूर्वक आयोजन 25 जनवरी, रविवार को दोपहर 1 बजे जिला परिषद सभागार जालोर में किया जाएगा जिसमे एसआईआर संबंधी उत्कर्ष कार्य करने वाले बीएलओ व सुपरवाईजर को सम्मानित किया जाएगा। जालोर विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) मनोज चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय समारोह में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर)-2026 के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ व सुपरवाईजर को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

### किसानों व पशुपालकों को राहत दी

**पाली**,(नि.सं.)। किसानों एवं पशुपालकों को कृषि एवं संबद्ध विभागों की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शनिवार को कृषि उपज मंडी समिति, रानी के मंडी क्षेत्र किरवा में गिरदावर सर्कल स्तरीय ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कृषि विपणन बोर्ड के प्रशासक एवं कृषि विपणन विभाग के निदेशक राजेश कुमार चौहान द्वारा 12 विभागों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों व पशुपालकों को दी गई। शिविर के दौरान गिरदावर सर्कल क्षेत्र में बस स्टैंड पर किसानों एवं आमजन को धूप व वर्षा से बचाव हेतु कृषि विपणन विभाग द्वारा किसान विश्राम स्थल निर्माण का प्रस्ताव लिया गया। साथ ही विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, आवेदन प्राप्त कर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक, कृषि विपणन विभाग जोधपुर डॉ. पूरण सिंह जैतावत, दूरदर्शन के प्रोड्यूसर बसंत परिहार, वीरेंद्र सिंह परिहार, अधिशासी अभियंता राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड रणवीर सिंह नैन, सरपंच, भागीरथ प्रजापत सचिव कृषि उपज मंडी समिति रानी सहित कई जने उपस्थित रहे।

### बालिका शिक्षा व अधिकारों का दिया संदेश

**बाप**, (निस)। राष्टीय बालिका दिवस पर शनिवार को सौर्य ऊर्जा कंपनी ऑफ राजस्थान लिमिटेड के सहयोग से बाप ब्लॉक में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टेपू, बारु, नूरे की भुर्ज, नेवा, बाप बालिका विद्यालय तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिपली नाडी में बालिका दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय एवं विद्यालय स्तर पर लैंगिक समानता को बढावा देना, बालिका शिक्षा के महत्व को रेखांकित करना तथा बालिकाओं के अधिकार, स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, बालिका शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता से जुडे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान ट्रेनरों द्वारा बालिकाओं को यह संदेश दिया गया कि शिक्षा ही उनके सशक्तिकरण का सबसे बडा माध्यम है और समाज के सर्वांगीण विकास में बालिकाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही, बालिकाओं को विज्ञान, तकनीक और नवाचार से जोडने पर भी विशेष जोर दिया गया। आयोजन स्टेम ट्रेनर कृपाल सिंह, सुमेर गोस्वामी, मंदीप, सुनील, राजू सिंह, मुखतीयार अली, ममता, जावेद हुसैन द्वारा संबंधित विद्यालयों के स्टाफ के सहयोग से संपन्न कराया गया।

### ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन किया

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को जिले में निर्धारित कार्यक्रमानुसार 10 गिरदावर वृत्त पर एक दिवसीय ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन किया गया। जिले में शनिवार को बिशनगढ़, देबावास, भोरड़ा, बावतरा, जैसावास, दासपां, रामसीन, मालवाड़ा, पांचला व सुराचंद गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण एवं पंचायतीराज विभाग सहित संबंधित विभागों की सहभागिता से कृषकों एवं पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजना की जानकारी देकर लाभ प्रदान किया गया। जालोर जिले में 25 जनवरी, रविवार को माण्डवला, बादनवाड़ी, कंवला, पांथेड़ी, धुम्बड़िया, जुंजाणी, मोदरा, करड़ा, अरणाय व केसूरी गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें लाभान्वित किया जायेगा।

### अजय चौहान प्रदेश सचिन बने

**जालोर**, (कासं)। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया की राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष जगदीश मीणा एवं राजस्थान प्रदेश महामंत्री देवी लाल बैरवा ने अजय चौहान गांव सरदारगढ, जिला जालोर प्रान्त में सामाजिक क्षेत्रों में योगदान को देखते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद राजस्थान में प्रदेश सचिव राजस्थान के पद पर नियुक्त किया गया है। अजय चौहान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष जगदीश मीणा, राजस्थान प्रदेश महामंत्री देवी लाल बैरवा ने धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है।

# 'शनिवार को वर्किंग डे' फैसले के विरोध में उतरे वकील

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट में'शनिवार को वर्किंग डे'किए जाने के फैसले के विरोध में वकीलों ने पूर्ण कार्य बहिष्कार कर दिया।

अधिवक्ताओं का आरोप है कि बिना कमेटी रिपोर्ट आए ही हाईकोर्ट प्रशासन आदेश थोपना चाहता है, जो न्यायिक प्रक्रिया के विपरीत है। न्यायपालिका में एडवोकेट और बेंच के बीच संतुलन जरूरी है। बहिष्कार के चलते दोनों पीठों (जोधपुर और जयपुर) के कोर्ट रूम में सन्नाटा पसरा रहा और नियमित न्यायिक कार्य प्रभावित हुआ।

दरअसल, राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर मुख्यपीठ और जयपुर बेंच में शनिवार वर्किंग डे के मुद्दे पर बार और बेंच के बीच टकराव साफ नजर आया। हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से आज (शनिवार) को अदालती कामकाज के लिए कॉज लिस्ट जारी करने के विरोध में वकीलों ने कल हीस्वैच्छिक कार्य बहिष्कार करने की घोषणा कर दी थी।

स्वैच्छिक कार्य बहिष्कार का असर यह रहा कि कोर्ट रूम में जजों की बेंच तो बैठी, लेकिन पैरवी करने के लिए वकील नहीं पहुंचे। हाईकोर्ट परिसर में सन्नाटा पसरा रहा। केवल उन्हीं इक्का-दुक्का मामलों में सुनवाई हो सकी, जिनमें पक्षकार खुद पेश हुए।

राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप सिंह उदावत ने इस पूरे घटनाक्रम पर रोष जताया है। उन्होंने प्रशासन के रवैये की तुलना प्राइवेट कंपनी से करते हुए कहा कि वकीलों की सहमति के बिना तानाशाही तरीके से फैसले लागू किए जा रहे हैं। उदावत ने कहा कि न्यायपालिका में हमेशा से यह माना जाता था कि एडवोकेट और बेंच के बीच संतुलन जरूरी है। लेकिन अब ऐसा लगने लगा है कि हाईकोर्ट का यह आदेश बिना वकीलों से बातचीत किए थोपा गया है। ऐसा लग रहा है कि कोई प्राइवेट कंपनी अपना काम कर रही है और एम्पलॉयी (कर्मचारी) को कह रही है कि तुम आकर अपना काम कर लो। यह अधिवक्ताओं को नागवार गुजरा है और इससे वकीलों में बहुत रोष है।

विवाद की असल वजह बताते हुए उदावत ने खुलासा किया कि जयपुर और जोधपुर की सभी बार एसोसिएशन और बार काउंसिल ने मिलकर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को प्रतिवेदन दिया था। जिस पर आश्वासन मिला था कि 5 जजों की एक कमेटी पुनर्विचार करेगी। उदावत ने बताया कि कमेटी को 21 जनवरी को रिपोर्ट देनी थी। हमें अभी तक नहीं बताया गया कि रिपोर्ट में क्या है । उलटा, 24 तारीख की कॉज लिस्ट जो आमतौर पर देर से आती है, उसे एक दिन पहले ही जारी कर खूब सारे केस लगा दिए गए। इससे उनकी मंशा साफ जाहिर होती है कि वो जबरदस्ती अपने आदेश को थोपना चाहते हैं।

इस मुद्दे पर राजस्थान के वकीलों में अभूतपूर्व एकजुटता दिखी है। जयपुर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जोधपुर की लॉयर्स एसोसिएशन और एडवोकेट्स एसोसिएशन ने एक सुर में विरोध किया है। दिलीप सिंह उदावत ने चेतावनी दी है कि अगर यह निर्णय वापस नहीं लिया जाता है, तो हम तीनों एसोसिएशन मिलकर फिर से पुनर्विचार करेंगे और तय करेंगे कि आगे आंदोलन को किस तरह तेज किया जाए।

दरअसल पिछले साल 12 दिसंबर 2025 को हुई फुल कोर्ट मीटिंग में निर्णय लिया गया था कि पेंडेंसी कम करने के लिए जनवरी 2026 से हर महीने के दो शनिवार को हाईकोर्ट में कामकाज होगा।

वकील इसे व्यावहारिक नहीं मानते हुए विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि शनिवार का दिन वकीलों के लिए केस तैयार करने और अन्य कार्यों के लिए होता है।

# अधिवक्ता परिषद् के कार्यकर्ताओं ने अनुभव बताए

**जालोर**, (कासं)। अधिवक्ता परिषद जोधपुर प्रांत की ओर से राष्ट्रीय अधिवेशन 2025 के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को जोधपुर शहर में स्थित लघु उद्योग भारती सभागार में कार्यकर्ता अनुभव कथन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जालोर से भी विभिन्न समितियों में शामिल कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अधिवक्ता परिषद उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री श्रीहरि बोरिकर एवं राष्ट्रीय मंत्री रणवीर सिंह खडकाली रहे।

मीडिया सह समन्वयक अश्विन राजपुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों और आयोजन के सफल बनाने वाले प्रमुख लोगों का स्मृति चिन्ह एवं किट देकर सम्मान किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता श्रीहरि बोरिकर ने कहा कि महाराणा प्रताप की भूमि का व्यक्ति कभी किसी कार्य के लिए 'ना' नहीं करता। यहां के कार्यकर्ताओं में अदभूत जोश, उत्साह और समर्पण देखने को मिला। टीम भावना, सामूहिकता और समन्वय के कारण ही यह आयोजन ऐतिहासिक बन सका। उन्होंने कहा कि जोधपुर के लोगों ने देशभर से आए कार्यकर्ताओं को परिवार जैसा स्नेह दिया। गुरु नानक देव जी की कथा का उल्लेख करते हुए बोरिकर ने सज्जन शक्ति के विस्तार का संदेश दिया और कहा कि समाज में सकारात्मक, सज्जन विचारों का प्रसार ही राष्ट्र को सशक्त बनाता है।

रणवीर सिंह खडकाली ने मारवाड की अपनायत की सराहना करते हुए कहा कि मारवाड की आत्मीयता की मिसाल दी जाती है। उन्हें लगता था कि लखनऊ की भाषा सबसे अधिक मीठी है, लेकिन मारवाड आकर अनुभव हुआ कि यहां की भाषा और व्यवहार उससे भी अधिक अपनापन लिए हुए हैं। उन्होंने कहा कि जोधपुर प्रांत द्वारा दूरस्थ क्षेत्र में इतना भव्य और सुव्यवस्थित कार्यक्रम आयोजित करना अपने आप में एक मिसाल है।

प्रांत अध्यक्ष सुनील जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघे शक्ति कलियुगे की उक्ति को जोधपुर प्रांत ने चरितार्थ कर दिखाया है। सभी के सामूहिक प्रयास, समन्वय और समर्पण से ही राष्ट्रीय अधिवेशन का सफल आयोजन संभव हो पाया।

प्रांत कोषाध्यक्ष कमलेश रावल ने राष्ट्रीय अधिवेशन का विस्तृत प्रतिवेदन एवं लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। मंच संचालन जोधपुर महानगर इकाई महामंत्री देवकीनंदन व्यास ने किया। अंत में जोधपुर प्रांत महामंत्री श्याम पालीवाल ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य राजेश पंवार, प्रांत उपाध्यक्ष प्रतिमा सिन्हा, गोविन्द सोनी, दिलीप शर्मा, अमृत जैन, पंकज अवस्थी, देवेंद्र खत्री, मुकेश रावल सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जोधपुर प्रांत के जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी कमेटियों की व्यवस्थाओं की जानकारी दी तथा अपने कुछ अनुभव भी सांझा किए। जिससे समारोह भावनात्मक और प्रेरणादायी बन गया।

### हिंदू सम्मेलन के बैनर का विमोचन

**बाप**, (निसं)। बाप कस्बे में 28 जनवरी को होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। गांव गांव में आयोजन के बैनर का विमोचन हो रहा है।

आयोजन समिति अध्यक्ष अशोक चांडक ने बताया कि बाप सहित गांवो में कार्यक्रम के बैनर का विमोचन हो रहे हैं। शनिवार को भोजों की बाप में हुए विमोचन में सूबेदार टीकुराम, मानाराम, राजुराम, भंवर सिंह, अशोक चांडक, मनसुख पालीवाल, रामचन्द्र माली, कन्हैया लाल पालीवाल, बधाउड़ा में हुए कार्यक्रम में शिक्षाविद दुर्गादान चारण, सोहन दान, घनश्याम मेघवाल, जेठूदान, भवरदान, सांवल दान, दिलीपदान तथा बोहरा का बास में भंवरलाल बोहरा, बुलिदान पालीवाल, कन्हैया लाल, मनसुख पालीवाल, धनराज कुमावत, खेतीदास कुमावत, मेघवालों की बास में ज्ञानाराम, पुनाराम मेगवाल, नखताराम, हरिराम, अशोक चांडक, अखेराज, महिला मंडल की हरखू पालीवाल, पुष्पा कुमावत आदि मौजूद रहे। मनसुख पालीवाल ने बताया कि विराट हिन्दू सम्मेलन में आमजन में बहुत उत्साह है। सम्मेलन में पूज्य रामचार्य महाराज के प्रवचन होंगे।

### विश्नोई ने शोक संतप्त परिवारों को बंधाया ढांढस

**बाप**, (निसं)। फलौदी विधायक पब्बाराम विश्नोई शनिवार को बाप क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों में आयोजित शोक सभाओं में पहुंचकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

इस दौरान विधायक ने मांडली और बाप कस्बे में शोक सभाओ के बाद आमजन से भी रूबरू होकर उनकी समस्याए भी सुनी। लोगों ने क्षेत्र से जुडी विभिन्न मांगें और मुद्दे उनके समक्ष रखे, जिनके समाधान का आश्वासन विधायक ने दिया।

पूर्व मंडल अध्यक्ष किशनलाल पालीवाल, मोहनराम सारण सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता विधायक के साथ मौजूद रहे।

# गरीब व मजदूर के हक की रक्षा का संकल्प है : सरोज चौधरी

**जालोर**, (कासं)। मनरेगा बचाओ महासंग्राम जनआंदोलन के अंतर्गत जालोर जिले में आहोर विधानसभा क्षेत्र की आहोर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम स्तर पर जनसंपर्क एवं रात्रि चौपाल आयोजित हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आहोर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गांवों में आयोजित मनरेगा बचाओ महासंग्राम जनआंदोलन के अंतर्गत सरोज चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म करना सिर्फ एक योजना को खत्म करना नहीं, बल्कि गरीब, मजदूर, किसान से उसका संवैधानिक हक छीनने की सुनियोजित साजशि है।

सरोज चौधरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह और चेयरपर्सन सोनिया गांधी द्वारा महात्मा गांधी जी के नाम पर शुरू की गई मनरेगा दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना बनी, लेकिन मोदी सरकार सुधार के नाम पर जानबूझकर इसे खत्म कर दिया है।

उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, भूमिहीन किसान और मजदूर के संवैधानिक अधिकारों पर मोदी सरकार का यह हमला किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। ये लडाई सिर्फ सत्ता के अहंकार के खिलाफ नहीं है, बल्कि गरीब और मजदूर के हक की रक्षा का संकल्प के लिए है। कांग्रेस पार्टी ये लडाई लडेगी और केंद्र की अहंकारी मोदी सरकार को मनरेगा खत्म करने के फैसले को वापस लेने पर मजबूर करेगी।

महानरेगा संग्राम के तहत पादरली, रोडला, कवराडा, चांदराई, मिठडी, भागली एवं सांकरणा गांवों में जनसंपर्क कर बैठक व रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह डोडीयाली,जिला उपाध्यक्ष आमसिंह परिहार, महिला जिलाध्यक्ष संतोष कंवर, मंडल अध्यक्ष हस्तीमल सुथार, प्रकाश सिंह, प्रेमसिंह मिठडी, कुशाल सिंह राजपुरोहित, वरिष्ठ कांग्रेसी बस्तीमल चौहान, सोनाराम मेघवाल, हनसिंह पादरली,हरिश माधव, वीरा राम, भुपेंद्र नरवाना, रूपाराम देवासी, मोहनराम, बालूसिंह राजपुरोहित, हरिश राव, दिनेश सांकरणा एवं बाबुराम सहित कांग्रेसजन व ग्रामीण मौजूद रहे।

# पाली में आस्था का कुंभ शुरू, साधना, यज्ञ, भैरव कथा हुई

**पाली**, (नि.सं.)। अंचल की खुशहाली, समृद्धि के लिए कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरू वसंत विजयानंद गिरी महाराज की पावन निश्रा में पाली के अणुव्रत नगर ग्राउंड पर शनिवार को नौ दिवसीय आध्यात्मिक कुंभ का शुभारंभ पौराणिक परम्परा और विधि विधान से हुआ।

प्रातः से ही साधना शिविर स्थल के बाहर श्रद्धालुओं की कतारें लगना शुरू हो गई थी। जैसे ही ढोल नगाडों के साथ जगद्गुरू देव का आगमन हुआ, महोत्सव परिसर गुरूदेव की जयजयकार से गूंज उठा। गुरूदेव वसंत विजयानंद गिरी महाराज ने साधना स्थल पर विराजित देवी देवताओं की पूरे विधान के साथ पूजा अर्चना की। इस के बाद साधना में श्रद्धालुओं को साधना के रहस्यों के बारे में बताया गया।

कई श्रद्धालुओं के हाथों में समृद्धि को आकर्षित करने वाले जीबू कॉइन, पायरेट लक्ष्मी यंत्र थे, जिन्हें सिद्ध करने की प्रक्रिया आरंभ की गई। गुरूदेव द्वारा उच्चारित मंत्रों का महत्व बताया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को कष्ट निवारक चमत्कारी उपाय भी गुरुदेव ने बताये।

दोपहर पश्चात जगद्गुरू वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज द्वारा काशी के 51 पंडितों की उपस्थिति में महालक्ष्मी महायज्ञ विधि विधान से आरंभ करवाया गया।

यज्ञ की प्रत्येक आहुति गुरूदेव के श्रीमुख से उच्चारित दुर्लभ मंत्रों के साथ दी जा रही थी। यज्ञ में विधि अनुसार समस्त देवी देवताओं का आव्हान किया गया। करीब ढाई घंटे तक प्रथम दिवस का यज्ञ चला। गाय के शुद्ध देसी घी, लाल, पीले, सफेद चंदन, ओषधियों, दुर्लभ जड़ी बूटियों, जिन देवता को जो पसंद है उस सामग्री सहित दिव्य वस्तुओं की हजारों आहुतियां दी गई।

रात्रि में गुरूदेव के श्रीमुख से श्रद्धालुओं ने तन्मय होकर भैरव कथा का श्रवण किया।

#### समृद्धि कलश आकर्षण का केंद्र

यज्ञ शाला में समृद्धि को आकर्षित करने वाले 1008 समृद्धि कलश आकर्षण का केंद्र हैं। यह कलश नवरात्रि महा महोत्सव यज्ञ अनुष्ठान इंदौर और उदयपुर में करोड़ों आहुतियों और लाखों कुंकुमार्चन से सिद्ध हैं। कलश के भीतर 32 उपरत्न, 32 हीलिंग जेम स्टोन, पंच धातु के साथ नव रत्न, 154 दुर्लभ औषधियां, 11 करोड़ मंत्रों से सिद्ध दिव्य पंचमुखी रुद्राक्ष, 1 करोड़ जप से सिद्ध कुमकुम, दक्षिणवर्ती शंख, रत्न का कछुआ, स्फटिक श्री यंत्र, कुबेर यंत्र, वास्तु यंत्र, लक्ष्मी यंत्र, गोमती चक्र, विष्णु चक्र, कस्तूरी, गोरोचन, दस लाख आहुति से सिद्ध दिव्य भस्म, रक्षा पोटली, वास्तु पिरामिड, आदि वस्तुएं हैं। यह कलश लक्ष्मी महायज्ञ में पुनः सिद्ध हो रहे हैं।

#### पांडाल में अष्ट भैरव व मां लक्ष्मी के स्वरूपों के दर्शन

कथा पांडाल में भैरव के अष्ट रुपों और मां लक्ष्मी, पद्मावती के विभिन्न स्वरूपों की विशाल प्रतिमाएं श्रद्धालुओं को मोह रही हैं।

#### कई राज्यों से भक्त पहुंचने लगे

नौ दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव में शामिल होने विभिन्न राज्यो से भक्तों के आने का सिलसिला जारी है। राजस्थान के दूरदराज क्षेत्रों के अलावा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात आदि राज्यों से भक्त परिवार आये हैं और यह सिलसिला जारी है। लगातार इस दिव्य भव्य महोत्सव में भीड़ जुटती जा रही है।

### नरपत आर्य को जिलाध्यक्ष बनाया

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा के संगठनात्मक विस्तार के क्रम में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. आर. सी. कुमावत की ओर से नरपत आर्य को राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा के जालोर जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है।

आर्य की कर्तव्य निष्ठा एव समाज सेवा के प्रति समर्पण को ध्यान में रखकर इस पद पर नियुक्त किया गया है । आर्य पिछले 30 वर्षो से देशभर में होने वाले समाज के कार्यक्रमों में मंच संचालक के रूप में अपनी सेवा प्रदान कर रहे है। साथ ही जालोर में पिछले 12 वर्षो से आयोजित हो रहे सामूहिक विवाह समारोह, समाज की प्रतिभाओ के लिए आयोजित सम्मान समारोह एवं श्रीयादे जयंती समारोह के शुरुआत का श्रेय भी आर्य को ही जाता है। आर्य वर्तमान में श्रीयादे सेवा संस्थान के अध्यक्ष है। आर्य की नियुक्ति होने पर जिले भर के समाज के लोगो ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### अवैध बजरी से भरे दो डंपर जब्त

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में बोरानाडा और लूणी पुलिस ने कार्रवाई कर दो अवैध बजरी से भरे दो वाहनों को जब्त किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध बजरी परिवहन एवं चोरी के तहत माइनिंग एक्ट में केस दर्ज किया गया।

# तीन कलश यात्राओं के संगम से विराट हिन्दू सम्मेलन शुरू होगा

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति, गीता आश्रम बस्ती द्वारा आज रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगल कलश यात्रा से होगा जो दोपहर तीन भिन्न-भिन्न स्थानों से रवाना होकर त्रिवेणी संगम बनाकर माली समाज भवन पहुंचेगी।

आयोजन समिति के अध्यक्ष मनवन्त गहलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम मंगल कलश यात्रा गीता आश्रम से, द्वितीय कलश यात्रा लोहार बस्ती से तथा तीसरी कलश यात्रा करंट महादेव मन्दिर, जवाहर कॉलोनी से रवाना होगी। कलश यात्रा के आगे-आगे डीजे अपनी सुरम्य दैविक धुनों से शोभा बढ़ाएगा।

कलश यात्रा में महिलाएं एवं बालिकाएं लाल रंग की वेशभूषा में आएंगी तथा सभी पुरुष पारम्परिक वेशभूषा में नजर आयेंगे। संतों के सानिध्य में तीन स्थानों से आई कलश यात्रा का त्रिवेणी संगम करवाकर समारोह स्थल माली समाज भवन तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

आयोजन समिति के उपाध्यक्ष डॉ. मुरलीधर सोनी ने बताया कि समारोह स्थल पर विभिन्न झांकियां एवं भारत माता की कृति बनाई जाएगी, जिसमें माता सबरी का श्रीराम के प्रति अनन्य प्रेम और श्री राम का माता सीता के प्रति कृतज्ञता का बोध चित्रित होगा, एक झांकी में राजस्थान के वीर महाराणा प्रताप एवं पूजा के व्यक्तित्व का दर्शन होगा तो एक अन्य झांकी में यज्ञोपवित संस्कार की महत्ता भी बताई जाएगी।

उपाध्यक्ष राधेश्याम भाटिया ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे जिसमें राजस्थानी संस्कृति के नृत्य, पंजाबी नृत्य के साथ देश भक्ति के भाव जागृत करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा।

आयोजन समिति के उपाध्यक्ष खेताराम सुधार ने बताया कि गीता आश्रम बस्ती में कक्षा 10, 12 एवं उच्च शिक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान छात्रों को इस समारोह में सम्मान्नित किया जाएगा।

उपाध्यक्ष सम्मेलाराम ने बताया कि इस समारोह में हमारी हिन्दू धर्म-संस्कृति एवं परम्पराओं का बोध करवाने हेतु मंच से बौद्धिक दिया जाएगा तथा सोये हिन्दू समाज में स्वबोध को जागृत किया जाएगा।

आयोजन समिति के महामंत्री घेवरसिंह ने बताया कि विराट हिन्दू सम्मेलन में आने वाले सभी समाजबन्धुओं के भोजन प्रसादी कार्यक्रम स्थल पर ही रखी जाएगी।

# तनसिंह की जयंती पर आज बालोतरा में समारोह

**बालोतरा**, (निसं)। श्री क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक तनसिंह की 102 वीं जयंती समारोह का रविवार को आयोजन किया जायेगा। यह गरिमामय आयोजन बालोतरा जिला मुख्यालय पर स्थित वीर दुर्गादास राजपूत छात्रावास में रविवार 25 जनवरी को दोपहर 12.15 बजे प्रारंभ होगा।

संभाग प्रमुख मूलसिंह काठाडी ने बताया कि श्री क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक तनसिंह का सम्पूर्ण जीवन समाज व राष्ट के लिए संस्कारवान व श्रेष्ठ नागरिकों के निर्माण हेतु समर्पित रहा। उनका साहित्य, विचार, दर्शन और आदर्श आज युवाओं एवं समाज के लिए न केवल प्रेरणा स्त्रोत है बल्कि प्रांसगिक है। इसी उद्देश्य से देशभर में उनकी जयंती को हर वर्ष श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया जाता है।

संघ के पदाधिकारी प्रांत प्रमुख गोविन्द सिंह गुंगडी ने बताया कि समारोह को लेकर क्षेत्र में व्यापक तैयारियां की जा रही है। बालोतरा मुख्यालय सहित क्षेत्र के विभिन्न बडे कस्बों आदि में समारोह के होर्डिंग्स लगाए गए हैं। प्रचार की अन्य सामग्री के माध्यम श्री क्षत्रिय युवक संघ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व स्वयं सेवक द्वारा आस-पास के क्षेत्रों सहित बालोतरा जिले के अन्य स्थानों पर भी जनसंपर्क एवं प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक समाजजनों को समारोह में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया जा रहा है।

इस जयंती समारोह के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए चन्दन सिंह चान्देसरा ने बताया कि इस जयंती समारोह में श्री क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक तनसिंह के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला जायेगा तथा राष्ट्रहित व समाज हित में तनसिंह के योगदान का स्मरण किया जायेगा। चन्दन सिंह चान्देसरा ने समाजजनों सहित सभी से आग्रह किया है कि वे इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर तनसिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करें और समारोह की गरिमा बढाये। इस समारोह में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व श्री क्षत्रिय युवक संघ के स्वयं सेवक उपस्थित रहेंगे।

आयोजन को लेकर समाज में भारी उत्साह है। शनिवार के सायं को आयोजन स्थल पर जयंती समारोह को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के लिए श्री क्षत्रिय युवक संघ के स्थानीय पदाधिकारियों व स्वयं सेवकों की बैठक आयोजित की गई जिसमें आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं सहित समारोह से जुडे अन्य कार्यों की समीक्षा की गई और आयोजन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई।

# पाली में भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के तत्वावधान में भारत रत्न बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 103 वीं जयंती जिला कांग्रेस मुख्यालय पर ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष गोविंद बंजारा की अध्यक्षता में कर्पूरी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व विचार गोष्ठी आयोजित कर मनाई गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि महावीरसिंह सुकरलाई, पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हकीम भाई, ओबीसी शहर अध्यक्ष रमेश परिहार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मेहबूब भाई टी, प्रकाश सांखला, ताराचन्द टांक, ताराचन्द चन्दनानी, दिनेश दवे, मनीष पंवार, आमीन अली रंगरेज, रतन चन्देल, साबीर अशरफी, सेन समाज के अध्यक्ष सम्पत सेन, इरफान पठान, किशनलाल चौहान, नर्मदा बंजारा, ओखाराम, शैतान बन्जारा, अमरनाथ यादव, लक्ष्मण सुथार, मंगला राम , मोहन लाल, पौलाराम, मुकेश, अशोक, किशोर सैन, किशन गोपाल, अजय सिंह, बाबू लाल , रूपाराम, राकेश, सुरज , अनुराग चौहान, युवराज संजय यादव, राजेश गणपत, सुका देवी ,मीना, संतोष, सुशीला, ढलाराम, सुरेश बंजारा, जगदीश सहित कई जने मौजूद थे।

# जोराराम कुमावत ने कई कार्यक्रमों में शिरकत की

**पाली**, (नि.सं.)। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री व सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ने पाली प्रवास के दौरान शनिवार को सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के कई कार्यक्रमों में शिरकत की।

उन्होंने बांकली गांव में बांकली मांता के परम उपासक भक्त ब्रह्मलीन घांची मोटाराम गेना बोराणा के देवलोक गमन के उपलक्ष में आयोजित भंडारा एवं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने श्री खेडादेवी माता मंदिर परिसर में उपस्थितजनों को विगत दो वर्षों में राजस्थान सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गए विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी दी।

मंत्री कुमावत ने मेले में श्रद्धालुओं से आत्मीय भेंट की। उन्होंने कहा कि महाराज की असीम कृपा से हम सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे तथा समाज में सद्भाव और सकारात्मकता का विस्तार हो, यही प्रार्थना है।

इस मौके पर महंत तीर्थ गिरी महाराज, मलेश्वर महादेव मठ, मंडवारिया (सिरोही), महामंडलेश्वर स्वामी संतोष गिरी महाराज भाद्राजून, महंत लेहर भारती जी महाराज, रेवानाथा अखाड़ा, बड़ गांव मठ, सिरोही, अभय भारती महाराज, फूलेश्वर महादेव मंदिर, कोट बालियान, महंत दिंगबर उध्र्वान महाराज आश्रम जावाल आदि संतों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

इसके पश्चात देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने पावा में डूंगानाथ महाराज के मंदिर में समाधि स्थल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में आयोजित मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। इस मौके पर सुमेरपुर नगरपालिका चेयरमैन अनोप सिंह, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, गौतम धाम, सिरोही के अध्यक्ष रतन आमलिया, मेला समिति के अध्यक्ष भगवंत सिंह जोधा आदि भी मौजूद रहे।